उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो संवर्ग में प्रधान परिचालक / प्रधान परिचालक (यॉत्रिक) / सहायक परिचालक एवं कर्मशाला कर्मचारी के पदों पर सीधी भर्ती–2022 की ऑनलाइन लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों की रिस्पॉन्स शीट तथा आन्सर–की (उत्तर कुजी) प्रदर्शित करते हुये ऑनलाइन आपत्तियॉ प्राप्त करने के सम्बन्ध में

संख्या–पीआरपीबी–एक–3(39) / 2023 पार्ट–4 (विज्ञप्ति) दिनांक–फरवरी 25 ,2024

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो संवर्ग में प्रधान परिचालक / प्रधान परिचालक (यॉत्रिक), सहायक परिचालक एवं कर्मशाला कर्मचारी की सीधी भर्ती–2022 के अर्न्तगत दिनांक 29.01.2024 से 08.02.2024 तक प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की गयी ऑनलाइन लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्रश्न पत्र एवं उनके Responses तथा उत्तर कुंजी (Answer-Key) बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर **दिनांक 24.02.2024 को प्रदर्शित की जायेगी जो दिनांक 01.03.2024 को रात्रि 12:00 बजे तक** उपलब्ध रहेगी।

2– अभ्यर्थियों को किसी प्रश्न या किसी प्रश्न के उत्तर विकल्प के सम्बन्ध में कोई विसंगति प्रतीत होती है तो वे अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थियों को आपत्ति दर्ज कराने हेतु बोर्ड की वेबसाइट पर इस हेतु उपलब्ध लिंक पर जाकर अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर व जन्मतिथि की सहायता से लॉगिन (Login) करना होगा। अभ्यर्थी अपना प्रश्न–पत्र व उनके द्वारा दिये गये उत्तर तथा प्रश्नों के सही उत्तर (Answer-Key) देख सकेगें। अभ्यर्थी **दिनांक 24.02.2024 से दिनांक 01.03.2024 को रात्रि 12:00 बजे तक** ही अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

3– अभ्यर्थी अपनी आपत्तियॉ सुसंगत अभिलेख / सूचना के साथ बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन ही दर्ज करा सकते हैं। जिस प्रश्न के सम्बन्ध में एक बार आपत्ति की जा चुकी है उस पर पुनः आपत्ति नहीं की जा सकेगी। अतः अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि आपत्ति दर्ज करने से पूर्व उसका भलीभॉति परीक्षण करने के उपरान्त ही आपत्ति दर्ज (Submit) करें। इससे भिन्न किसी अन्य माध्यम से प्रेषित आपत्तियों, जिसमें रजिस्ट्री, डाक अथवा ई–मेल से प्रेषित प्रार्थना पत्र भी सम्मिलित है, पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

4– यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिए बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

24.02.24

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।